आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

07.10.2023 समय : 1850

- अंडमान निकोबार कमांड के तेईसवें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आज पोर्ट ब्लेयर में एयर शो आयोजित किया गया।

- निकोबार द्वीप के आदिवासी कप्तानों और प्रगतिशील किसानों के लिए क्यारी की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम व अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया।

- सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बसों के ढाचें के निर्माण के लिए मानकों को मंजूरी दे दी है।

- अंडमान निकोबार भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की छब्बीसवीं बैठक कल श्रम आयुक्त कार्यालय मे आयोजित की गई।

- सी.सी.एस पुलिस द्वारा दो किलो गांजे की बरामदगी के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार कमांड के तेईसवें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आज पोर्ट ब्लेयर में एयर शो आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। सेना की सिख रेजिमेंट ने पाइप बैंड पर अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में शामिल हुए सुखोई–तीस लड़ाकू विमान द्वारा हवा में दिखाए गए करतबों ने उपस्थिति को रोमांच से भर दिया। वायु सेना, नौसेना और तटरक्षक के डोर्नियर विमानों ने भी उड़ान भर अपना प्रदर्शन किया। इससे पूर्व नौसेना के मरीन कमांडो के एक दस्ते ने **ALH** हेलीकॉप्टर से नीचे उतर कर आतंकवादियों के कब्जे से पीड़ित को छुड़ाने का निदर्शन करके दिखाया। अंडमान निकोबार कमांड के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कई अन्य लोग इस एयर शो को देखने आई. एन.एस उत्क्रोश पहुंचे। बड़ी संख्या में जॉगर्स पार्क में भी पहुंचकर लोगो ने इसका आनंद उठाया। शाम को मरीना पार्क के सामने समुद्र में खड़े जहाजों पर रोशनी की गई। स्थापना दिवस मनाए जाने के सिलसिले में आज सुबह तटरक्षक विहार से लेकर बर्मानाला तक साइकिल रैली भी निकाली गई, जिसमें कुल बावन सैन्य कर्मियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर करीब चार सौ स्कूली बच्चों को तटरक्षक और नौसेना के जहाजों पर भी ले जाया गया।

<><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान और कृषि विज्ञान केन्द्र दक्षिण अंडमान की ओर से निकोबार द्वीप के आदिवासी कप्तानों और प्रगतिशील किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम व अध्ययन दौरे का आयोजन किया गया। उद्घाटन अवसर पर डॉ. ए.के. सिंह ने क्यारी की ओर से आदिवासी कृषकों के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उनकी प्रशंसा की। क्यारी के निदेशक डॉ. ई.बी. चाकुरकर ने प्रतिभागियों से संस्थान की ओर से विकसित प्रौद्योगिकी को अपनाने को कहा। इस कार्यक्रम में चौरा, कच्छाल, कमोर्टा, तेरेसा, ननकौड़ी और ग्रेट निकोबार द्वीप के चौदह सदस्यों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को विभिन्न खेतों का दौरा कराया गया तथा क्यारी में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई और उन्हें शोध तथा विकासीय गतिविधियों के बारे में भी बताया गया।

<><><><><><>

सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बसों के ढाचें के निर्माण के लिए मानकों को मंजूरी दे दी है। ये मानक मूल उपकरण निर्माताओं और बस ढांचा बिल्डरों दोनों पर समान रूप से लागू होंगे। श्री गडकरी ने कहा कि यह कदम भारत में बसों की गुणवत्ता में और सुधार का मार्ग प्रशस्त करेगा। इसमें यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने पर प्राथमिक ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस कदम की सख्त जरूरत है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा येराटा जेट्टी में आज एक पन्टून की व्यवस्था की गई है। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विशाल जॉली ने मुख्य सचिव और मुख्य पत्तन प्रशासक को पत्र लिखकर इस व्यवस्था के लिए उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे स्कूल जाने वाले बच्चों और मरीजों को विशेषकर काफी राहत मिलेगी।

<><><><><><><>

भारत सरकार की ओर से सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमियों के लिए कई सारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए उद्यमियों के पास उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र का होना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया पेपर रहित है। द्वीपसमूह में स्थापित सभी ऐसे उद्यमियों से उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण कराने को कहा गया है। और जानकारी के लिए मिडिल प्वाइंट स्थित ज़िला उद्योग केन्द्र तथा डॉलीगंज स्थित एम.एस.एम.ई कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

मेरी माटी–मेरा देश अभियान के तहत मिडिल स्कूल मारियमन मंदिर की ओर से हाल ही में कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा को पार्षद पांडि सेल्वी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूली विद्यार्थियों, शिक्षकों के अलावा बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने भी इसमें भाग लिया। शिक्षक वी. कृष्णन ने स्थानीय स्वंतत्रता सेनानियों के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की छब्बीसवीं बैठक कल श्रम आयुक्त कार्यालय मे आयोजित की गई। बोर्ड के अध्यक्ष व श्रम और रोज़गार सचिव बी.एस. जगलान की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त अंकित यादव और श्रम और रोज़गार मंत्रालय कोलकाता के कल्याण आयुक्त हेमंत तिर्की इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता तेज बहादुर, राष्ट्रीय राजमार्ग और विभिन्न ट्रेड युनियनों के प्रतिनिधियों सहित श्रम आयुक्त कार्यालय के अधिकारी भी इसमें शामिल हुए। चर्चा के बाद बोर्ड द्वारा बहत्तर दावों पर तीस लाख से अधिक की राशि जारी करने को स्वीकृति प्रदान की गई। बोर्ड द्वारा अब आगे की कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

सी.सी.एस पुलिस द्वारा दो किलो गांजे की बरामदगी के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शादीपुर निवासी एस.ए. कार्तिक और डी. विल्सन डेविड राज ये दोनों ही डाक विभाग के कर्मी है। जांच–पड़ताल में पाया गया कि इन लोगों ने जान–बूझकर वास्तविक पताधारक के बजाय मुख्य आरोपी को गांजे की पार्सल सौंपी। पुलिस ने आम जनता से सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी देने को कहा।

<><><><><><>

विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी से बचने और उन्हें डिजिटल सुरक्षा तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अंडमान निकोबार पुलिस की साइबर प्रकोष्ठ की ओर से हाल ही में निर्मला सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सोशल मीडिया सुरक्षा, फेक डेटिंग ऐप्स, पासवर्ड सुरक्षा, ऑनलाइन गोपनीयता, ऑनलाइन जुआ, बाल पोर्नोग्राफी, सुरक्षित ऑनलाइन शॉपिंग, ई–मेल धोखाधड़ी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। नौ सौ से अधिक छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। साइबर धोखाधड़ी तथा सहायता या पूछताछ के लिए साइबर सेल की वेबसाइट के अलावा सहायता नम्बर एक नौ तीन शून्य या नौ पांच तीन एक आठ पांच छः शून्य आठ तीन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में दो वर्षीय बी.एड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों से आवेदन मांगे गए हैं। जो उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें दस अक्तूबर से पहले आवेदन करने को कहा गया है। चयनित उम्मीदवारों की अस्थाई योग्यता सूची बारह अक्तूबर को जारी की जाएगी। इस संबंध में दावे और आपत्तियां सोलह अक्तूबर से पहले कॉलेज में कार्य अवधि के दौरान सहायक दस्तावेजों के साथ जमा किए जा सकते हैं। अंतिम वरीयता सूची सत्रह अक्तूबर को दिन में दो बजे जारी की जाएगी। विद्यार्थियों के लिए परामर्श अट्ठारह अक्तूबर को कॉलेज के सभागार में सुबह साढ़े नौ बजे से रखी गई है। सभी पात्र उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ समय पर परामर्श में शामिल होने को कहा गया है। नियमित कक्षाएं उन्नीस अक्तूबर से आरंभ होगी।

<><><><><><>

कैम्पबेल बे में गांधीनगर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कल एक सौ चौंसठ इन्फेन्टरी बटालियन टी.ए बिहार द्वारा चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की चिकित्सीय जांच की गई तथा औषधियों के बारे में जानकारी दी गई। हथियारों का निदर्शन किया गया और इसके उचित इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में एक सौ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

<><><><><><>